जल संगिनी

संस्करण संख्या २

आपके साथ पानी की बात !

१ आज कुछ नया सीखते हैं !

२ इस महीने आपने क्या कहा ?

३ इस महीने हमने क्या किया ?

४ ३....२....१

एक ज़रूरी सूचना

अब आप **डी.जे.बी. से कानूनी पानी के कनेक्शन** का लाभ बहुत आसानी से उठा सकते हैं! केवल इन निर्देशों का पालन करें!

सबसे पहले अपने कंप्यूटर या स्मार्टफोन में डी.जे.बी की वेबसाइट खोलें। गूगल, याहू, फायरफॉक्स और अन्य ऐसे सुविधाओं पर **'https://djb.gov.in/'** को सर्च करके वेबसाइट तक पहुंचा जा सकता है।

आप नए पानी के कनेक्शन के लिए फॉर्म भर सकते हैं। ऐसा करने से पहले, **सुनिश्चित करें की आपके पास ये सभी दस्तावेज़ हैं**।

1: आधार कार्ड
2: बिजली का बिल
3: बैंक पासबुक की फोटो कॉपी
4: संपत्ति दस्तावेज़ की फोटोकॉपी
5: पासपोर्ट साइज फोटो

इस घरेलु कनेक्शन की सेवा **मात्र 1000 रुपये** में उपलब्ध है।

अगर आप का कोई भी सवाल निजी पानी के कनेक्शन से सम्बन्धित हो तो **MHT के कार्य कर्ता से संपर्क करे** ।

AIWASI
Australia India Water Security Initiative

"जल के अंदर जीवन, जीवन के अंदर जल"
महिला हाउसिंग ट्रस्ट द्वारा सम्पादित मासिक पत्रिका
MHT

रूप विहार में हुई वाटर सर्विलांस की प्रशिक्षण

पानी की जांच का प्रशिक्षण सबके लिए काफी महवपूर्ण थी। हमारी रूप विहार की बहनो ने बताया कि *"आज हमे पता चला कि साफ़ दिखने वाला पानी और बिना दुर्गन्धि का पानी भी काफी हानिकारक और दूषित हो सकता है।"*

चर्चाओं में आप लोगो से क्या-क्या मुद्दे और बातें निकल के आये ?

मीर विहार में मच्छर जनित रोग पर प्रशिक्षण और चर्चा

प्रशिक्षण में वीडियो दिखाया गया जिससे बहनो और भाइयो को पता चला कि लार्वा कैसे पनपता है। बहनो ने कहा *"पानी को ढक कर रखना ज़रूरी है, लार्वा को मच्छर बनने से पहले मारना आसान है। हमने सीखा कि एक संक्रमित मच्छर से संक्रमित मच्छर ही पैदा होता है।"*

मुबारकपुर गांव में हुई सामुदायिक बैठक, डी.जे.बी. से आये राजस्व अधिकारी

मुबारकपुर गांव में बड़ी बैठक कराई गयी जहाँ पूरे गांव की जनता शामिल हुई। हमारी सारी बहने और आर.डब्लू.ए. से भाइयो ने भी भागीदारी दी। दिल्ली जल बोर्ड से राजस्व अधिकारी - श्री कौशल जी को भी बहनो ने आमंत्रित किया। कौशल जी ने सभी गांव वासियो को पानी के कनेक्शन और मीटर लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया और उनके सवालो को सुना और डी.जे.बी के पानी की योजना को लोगो से साँझा किया।

रूप विहार में जल वायु परिवर्तन पर प्रशिक्षण

हमारी बहनो और भाइयो ने इस प्रशिक्षण से यह समझा कि *"इस दुनिया में जलवायु परिवर्तन का प्रभाव एक जैसा नहीं है। अलग-अलग लोगो पर प्रभाव भी अलग-अलग पड़ता है। गरीब लोगो का जलवायु परिवर्तन में योगदान कम है लेकिन प्रभाव सबसे ज़्यादा है। हमे अभी से मिलकर कदम उठाने की ज़रूरत है।"*

मुबारकपुर गांव में मच्छर-जनित रोग पर प्रशिक्षण

मच्छर-जनित रोग के प्रशिक्षण में बहनो ने काफी बातें और मुद्दों पर चर्चा किया। *"पिछले 2 वर्षों में मच्छर-जनित रोग हमारे गांव की महिलाओ को सबसे ज़्यादा प्रभावित किये है जिसकी वजह से स्वास्थ्य पर अधिक खर्चा हो रहा था, कारणवश डॉक्टर ने अपनी फीस की राशि भी बढ़ा दी है।"* चर्चा के द्वारा संस्था को अवगत कराया गया कि किस तरह खाली प्लाट का इस्तेमाल कूड़ा फैकने के लिए किया जा रहा है जिससे आवा-जाही बाधित हो रही है और मच्छर अधिक पनप रहे है।

मुबारकपुर डबास के अलग-अलग क्षेत्रों में अब तक क्या-क्या हुआ?

अब मुबारकपुर क्षेत्र की हमारी तीनो सी.ऐ.जी ने बस्ती के विभिन मुद्दों पर सक्रिय तौर पर कार्य की शुरुआत कर दी है। हमारी मुबारकपुर गांव की सी.ऐ.जी. अब आर.डब्लू.ऐ. के साथ मिलकर गांव के विकास के लिए काम कर रही है। हमारी सी.ऐ.जी. के प्रयासों के द्वारा वाल्मीकि मोहल्ला में कूड़े की गाड़ी की समस्या का समाधान हुआ। परिणाम स्वरूप अब कूड़े की गाड़ी नियमित कूड़ा लेने के लिए आ रही है। हमारी मीर विहार और रूप विहार की सी.ऐ.जी. ने भी पानी और कूड़े संभन्दित समस्याओ के लिए कार्य करने शुरू कर दिए है। कई परिवारों ने निजी पानी के मीटर लगवाने शुरू कर दिए है और साथ ही कूड़े की गाड़ी नियमित रूप से आये, उसके लिए बहनो ने नगर निगम जा के आवेदन भी दर्ज किये है, परिणाम स्वरूप अब कूड़े की गाड़ी रोज़ आती है।



मीर विहार सी.ऐ.जी.का प्रयास, कूड़े का रखरखाव

हमारी सी.ए.जी. की बहनो ने जागरूकता फैलाने के लिए पोस्टर बनाये ताकि लोग जगह-जगह कूड़ा न डाले। पहले कूड़े की गाड़ी सबके लिए नहीं रुकती थी, पर संगठन ने मिलकर एम.सी.डी कर्मचारी से बात की और अब कूड़े की गाड़ी हर जगह रुकती है और लोगो ने अब खुले में कूड़ा फैकना कम कर दिया है।

मुबारकपुर गांव के वाल्मीकि मोहल्ले में रोज़ आती है कूड़ा गाड़ी

चर्चा के द्वारा संगठन ने संस्था को अवगत कराया कि किस तरह खाली प्लाट का इस्तेमाल कूड़ा फैकने के लिए किया जा रहा है क्यूंकि कूड़े के गाड़ी वाल्मीकि मोहल्ले तक नहीं आ पाती। बहनो ने मिल कर एम.सी.डी. के दफ्तर में बात की और अब कूड़े की गाड़ी का रोज़ आना शुरू हो गया है।

मीर विहार ने नालियो की साफ़ सफाई के लिए किया एम.सी.डी. विजिट

हमारी मीर विहार की सी.ऐ.जी. ने नालियो की साफ़-सफाई के लिए लिखित में अर्ज़ी दिया। इसके उपरांत एम.सी.डी. अधिकारी ने मौजूदा स्थान का निरक्षण किया।

मुबारकपुर गांव की बहनो और भाइयो की एकीकृत कार्यवाही



GOVERNMENT OF NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI
OFFICE OF THE PROJECT DIRECTOR : RURAL DEVELOPMENT
ROOM NO.410 & 412: ISBT BUILDING : KASHMERE GATE : DELHI
PHONE NOS.23867405, 23867643, FAX 23868793

F.No.2(89)/PD/RD/DVDB/2022-23/pt.file-V 01 – 16 Dated: 08/2/23

To
The Commissioner
Municipal Corporation of Delhi
Shyama Parsad Mukerjee Civic Centre
Jawaharlal Nehru Marg
Delhi

To
The Chief Engineer,
Irrigation & Flood Control Department,
Govt. of NCT of Delhi,
LM Bund, Shastri Park Delhi.
Delhi

SUB- A/A of DVDB for Rs. 4852.85 Lakh (Rs. Forty Eight crore fifty two lakh and eighty five thousand Only) under the M.H '4515' – 00 103 93 00 33 Village Dev. Board for works to be carried out under IDRUV works (Gen.) (Sub Head) and M.H. '4515' -00 789 – 97 00 53 Village Dev. Board for works to be carried out under IDRUV (SCSP) (Sub Head) under demand No. 10 for the year 2022-2023 for 34 no. of projects of MCD and 22 no. of projects of I&FC.

I am directed to convey the Administrative Approval of Delhi Village Development Board for Rs. 4852.85 Lakh (Rs. Forty Eight crore fifty two lakh and eighty five thousand Only) in respect of 56 number of projects of different Assembly Constituencies placed at the disposal of Municipal Corporation of Delhi and Irrigation and Flood Control Department as detailed below:-

Sr. No.	No. of Projects	Work Exe. Agency	Sanction Amount
1	34	MCD	1302.43 Lacs
2	22	I&FC	3550.44 Lacs
Grand Total	56		4852.85 Lacs

27	18	Vidhwa Nagar	Imp/Dev of lane from H. No. F-74 to F-82, F-104 to F-110, F-113 to E217 (32) Gazipur village by pdg RMC from in Gazipur village IP Extn ward No.19E Shahdara South Zone	8.65
28	18	Vidhwa Nagar	Imp/Dev of lane from H. No F-19 to F-67, F-87 to F-106 Gazipur Village by pdg RMC from in Gazipur Village IP Extn ward No.19E Shahdara South Zone	15.99
29	18	Vidhwa Nagar	Imp/Dev of lane from H No B-73 to Golden Kiot Banquet Road No. 56, B-75, B-81, B-114 to B-117, B(B)75(1) to B-114 & Jinka Gazipur village by pdg RMC from in Gazipur village IP Extn ward no 19E Shahdara south zone	17.55
30	18	Vidhwa Nagar	Imp/Dev of lane from Athili Nagar Dairy to E-1, E-1 to Nanak Singh House Gazipur Village by pdg RMC from in Gazipur village IP Extn ward No. 19E Shahdara South Zone	17.64
31	18	Vidhwa Nagar	Imp/Dev of lane from H. No. D-23 to D(429-41), D-10 to C.N.73, D-20 to D-40, D-40 to D-73, E-85 to E-92 Gazipur village by pdg RMC from in Gazipur village IP Extn ward No. 19E Shahdara South Zone	17.63
32	18	Vidhwa Nagar	Imp/Dev of lane from H. No. C-1 to C-7, C-7 to C-13, C-13 to C-25, C-25 to C-35, C-35 to C-45, C-45 to C-53, 39(C)(2) to C-29,C-34 to C-27, C-23 to C-35, C-35 to C-45, C-45 to C-53 Gazipur village by pdg RMC from in Gazipur village IP Extn ward no 19E Shahdara South zone	17.74
33	18	Vidhwa Nagar	Imp/Dev of lane from H. No A-16,A-17,A-20 to A-30, B-20 to B-25, B-29 to B-31 Shiv Temple (vh. E(1)-(+32) to E-78, lane of B-79(Chamanlal House) Gazipur village by pdg RMC from in Gazipur village IP Extn ward No. 19E Shahdara South zone	15.17
34	18	Vidhwa Nagar	Imp/Dev of lane from H. No. 49 to H. No (38+39) H. No. 13 to plot No 2, H. No 6 to H No. 25, H. No. 9 to H. No. 10, Rishab Mkt to Culvert Hasanpur village by pdg RMC from in Hasanpur village by IP Extn ward No. 19E Shahdara South Zone	21.4
		Grand Total	34 Number Projects	1302.43

IRRIGATION AND FLOOD CONTROL

Sr. No.	AC No.	Assembly	Project Name	Amount for A/A (in lakh)
1	1	Narela	Construction of RCC Drain from Village Rodgee (GT road) to village Mitthmizzar (Depth-2ft, 6) in Distt. North	431.08
2	8	Mundka	Construction of open R.C.C. drain from Nilandha Kasna road to Mahipur drain in Kanjhawala Block.	555.77
3	18	Model Town	Repair/Renovation of Bund Gher at village Sindhoosalan in Model Town Assembly Constituency.	81.27
4	18	Model Town	Supply of RCC benches at various park in village Rajoura, Chandrawal & Shiv Bora(Gaian in Model Town Assembly Constituency.	8.06
5	18	Model Town	Providing and fixing of medicine stand/informer sign Board in various location in village Rajoura, Chandrawal and SindhuraKalan in Model town Assembly Constituency	99.77

Contd.

जल भराव और बाधित यातायात की गंभीर समस्या के लिए हमारी सी.ऐ.जी. और आर.डब्लू.ऐ. समिति के द्वारा मदनपुर नाले के निर्माण के लिए विधान को आवेदन पात्र दिया। मदनपुर नाले के निर्माण के लिए बाढ़ नियंत्रण विभाग से स्वीकृति पात्र प्राप्त हुआ।

रूप विहार में नालियों की साफ़-सफाई

रूप विहार में एम.सी.डी. में नालियों की साफ़-सफाई हेतु जमा की गयी अर्ज़ी के बाद कर्मचारियों द्वारा सफाई अभियान।

कौन है जागरूक नागरिक ???

1. कौन सी सरकारी संस्था दिल्ली में पानी से संबंधित सुविधाओं और मुद्दों को संभालती है?
दि_ली _ल_ोर्ड
2. बढ़ती गर्मी, बेमौसम बारिश, कड़ाके की सर्दी, ये सब किस परिवर्तन के कारण हैं?
ज_वा_ प_वर्त_
3. यदि आपको कूड़ा उठाने की समस्या या पार्क/उद्यान संबंधी समस्या का समाधान करना है, तो आप किस सरकारी संस्था से संपर्क करेंगे?
एम __ डी
4. मलेरिया, डेंगू और अन्य वेक्टर जनित रोगों का मूल कारण क्या है?
_ल भ_व
5. एमसीडी के मोबाइल ऐप का क्या नाम है, जिसका इस्तेमाल आप अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनुरोध करने के लिए कर सकते हैं?
__ सी डी 3_1

ऐसा ही एक अंश पत्रिका के प्रत्येक संस्करण में होगा। इसे काटें और इकट्ठा करें, आप एक रोमांचक पुरस्कार जीतेंगे यदि अंत में आप सभी टुकड़ों को इकट्ठा कर सकते हैं और पहेली को हल कर सकते हैं।

सारे टुकड़े इक्कठा करके एम.एच.टी. के मुबारकपुर ऑफिस में लेकर आये और अपना पुरस्कार पाए !

ऑफिस का पता - 288, मुबारकपुर डबास गांव
अपने कोई भी सवाल के लिए संपर्क करे - +91 8527170602

AIWASI
Australia India Water Security Initiative

"जल के अंदर जीवन, जीवन के अंदर जल"
महिला हाउसिंग ट्रस्ट द्वारा सम्पादित मासिक पत्रिका मुबारकपुर क्षेत्र के लिए।
~ कुछ मन की बातें, कुछ हमारी यादें ~ MHT